# हिमाचल अभी अभी

नई सोच नई खोज

साप्ताहिक

/himachal.abhiabhi @himachal_abhi

RNI No. HPHIN/2015/68432 वर्ष 11 अंक 14 कांगड़ा। शनिवार, 05 जुलाई-11 जुलाई, 2025 www.himachalabhiabhi.com तदनुसार 24 आषाढ़, विक्रमी संवत् 2082 कुल पृष्ठ 4 मूल्य ₹5 Postal Regn.No. DGPUR/26/24-26




भारत का रहस्यमयी मंदिर 'सेठों के सेठ' -पढ़ें पेज 4

# डॉ. राजेश शर्मा ने संभाला शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष का कार्यभार

## बोले-शिक्षा प्रणाली में सुधार और पारदर्शिता पर फोकस



■ राहुल कुमार/धर्मशाला

❖ ताकि पांचवी का बच्चा खुद पढ़ सके अपनी किताब

❖ सीएम सुक्खू से फोन पर बात कर लिया आशीर्वाद

हिमाचल सरकार ने डॉ. राजेश शर्मा को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किया है। इसके बाद डॉ. राजेश शर्मा ने धर्मशाला स्थित बोर्ड मुख्यालय में विधिवत अपना कार्यभार संभाला।

इस मौके पर मीडिया से बातचीत के दौरान डॉ. राजेश ने बुनियादी शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि मेरा उद्देश्य रहेगा कि पांचवीं का बच्चा पांचवीं की किताब खुद पढ़ सके। उन्होंने मूल्यांकन प्रणाली को तकनीकी रूप से सशक्त किया जाएगा, ताकि परीक्षा परिणाम समय पर और त्रुटिरहित जारी हो सकें। उन्होंने बताया कि डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने, परीक्षा प्रणाली को सुधारने और ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों तक संसाधनों की बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। उनका मुख्य फोकस शिक्षा प्रणाली में सुधार और पारदर्शिता रहेगा।

डॉ. राजेश ने कहा कि मजबूत प्राथमिक शिक्षा ही आगे की कक्षाओं की नींव बनती है, इसलिए इस क्षेत्र में बदलाव उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। प्रारंभिक शिक्षा में गुणवत्ता सुधार, परीक्षाओं में पारदर्शिता, मूल्यांकन प्रक्रिया का डिजिटलीकरण, शिक्षकों और छात्रों का प्रशिक्षण, समय पर डेटशीट और परिणाम जारी करना उनकी प्राथमिकताएं है। डॉ. राजेश ने बताया कि कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व उन्होंने सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू से फोन पर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि सीएम शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर बेहद गंभीर हैं। उनके मार्गदर्शन में काम करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। इससे पहले बोर्ड कर्मचारियों ने डॉ. शर्मा का गर्मजोशी से स्वागत किया।

YouTube देखें वीडियो